Title: Need to implement scheme for plantation alongside Yamuna river in Delhi.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) : उपाध्यक्ष जी, दिल्ली में यमुना नदी बहती है और इसमें अनेकों झुग्गी-झोंपड़ी बनी हुई हैं। इसमें प्रदूाण बहुत तेजी से बढ़ रहा है और आए दिन गर्मी व बरसात के दिनों में गरीब लोगों को बड़ी परेशानी होती है। इस नदी के पूर्वी किनारे पर लाखों लोग निवास करते हैं व लोगों का आना-जाना लगा रहता है और यमुना नदी में प्रदूाण होने के कारण इनका स्वास्थ्य खराब रहता है। यदि इसके सोनिया विहार से मयूर विहार तक पन्द्रह किलोमीटर लम्बे किनारे के साथ वृक्षारोपण कर सुंदर बनाया जाए तो लोग वहां सैर भी कर सकते हैं और इससे उन्हें स्वास्थ्य लाभ भी होगा। इस दिशा में दिल्ली सरकार ने बीस लाख वृक्ष लगाने की योजना बनाई है।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के पर्यावरण व पर्यटन मंत्री से मांग करता हूं कि इस योजना को शीघ्र शुरू किया जाए जिससे यहां के नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके और प्रदूाण भी खत्म किया जा सके।